सं० 6/प्रो0–06–08/2016–4392/वा0कर––श्री शिवशंकर, बिहार वित्त सेवा सम्वर्ग के सेवानिवृत्त वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 6,600 रू0) को वाणिज्य–कर उपायुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 7,600 रू0) कोटि में दिनांक 15.02.14 से आर्थिक लाभ सहित दिनांक 03.12.2013 से वैचारिक प्रोन्नति दी जाती है।

सं० 6/प्रो0–06–08/2016–4393/वा0कर––श्री नागेश्वर राम, बिहार वित्त सेवा सम्वर्ग के सेवानिवृत्त वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 6,600 रू0) को वाणिज्य–कर उपायुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 7,600 रू0) कोटि में दिनांक 15.02.14 से आर्थिक लाभ सहित दिनांक 03.12.2013 से वैचारिक प्रोन्नति दी जाती है।

सं० 6/प्रो0–06–08/2016–4394/वा0कर––श्री वरूण कुमार सिकदार, बिहार वित्त सेवा सम्वर्ग के वाणिज्य–कर उपायुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 7,600 रू0) को वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 6,600 रू0) कोटि में दिनांक 05.05.08 से आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति दी जाती है।

सं० 6/प्रो0–06–08/2016–4395/वा0कर––श्री हेमचन्द्र मिश्र, बिहार वित्त सेवा सम्वर्ग के सेवानिवृत्त वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 6,600 रू0) को वाणिज्य–कर उपायुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 7,600 रू0) कोटि में दिनांक 10.05.10 से आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति दी जाती है।

सं० 6/प्रो0–06–08/2016–4396/वा0कर––श्री विश्वनाथ गुप्ता, बिहार वित्त सेवा सम्वर्ग के वाणिज्य–कर उपायुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 7,600 रू0) को वाणिज्य–कर उपायुक्त (वेतनमान् 15,600–39,100+ग्रेड पे 7,600 रू0) कोटि में दिनांक 26.02.14 से आर्थिक लाभ सहित दिनांक 03.12.2013 से वैचारिक प्रोन्नति दी जाती है।

2. प्रस्ताव पर वित्त विभाग, बिहार, पटना की सहमति प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव।

16 नवम्बर 2016

**सं० 6 / गो0—34—5 / 2016**—4386 / वा0कर—श्री राजेशपति त्रिपाठी, नवप्रोन्नत वाणिज्य—कर सहायक आयुक्त, अंकेक्षण, पूर्णियॉ प्रमंडल, पूर्णियॉ को अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य—कर सहायक आयुक्त, अंकेक्षण, पूर्णियॉ प्रमंडल, पूर्णियॉ के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

**सं० 6 / गो0—34—5 / 2016**—4387 / वा0कर—श्री अरविन्द झा, नवप्रोन्नत वाणिज्य—कर सहायक आयुक्त, गोपालगंज अंचल, गोपालगंज को अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य—कर सहायक आयुक्त, गोपालगंज अंचल, गोपालगंज के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार—राज्यपाल के आदेश से,
अजीत कुमार राम, उप—सचिव।

---

## पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

---

### अधिसूचनाएं

27 अक्टूबर 2016

सं० 1/ स्था0 (6) 605/2015—3240—सामान्य प्रशासन विभागीय पत्रांक 4800 दिनांक 01.04.2016 के आलोक में निम्नांकित बिहार गव्य विकास सेवा संवर्ग, वर्ग—2 जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं समकक्ष (सहायक निदेशक, गव्य/गव्य शोध पदाधिकारी) कोटि के पदाधिकारियों जो अपने ही वेतनमान में विभिन्न पदों पर पदस्थापित है, को उप निदेशक, गव्य एवं समकक्ष पद (गव्य अर्थशास्त्री) के पद एवं वेतनमान पी0 बी0—2 (9300—34,800/— ग्रेड पे0 5400/—) के रिक्त पद पर औपबंधिक रूप से प्रोन्नति प्रदान की जाती है :—

| क्र0 | पदाधिकारी का नाम/ | वरीयता क्रमांक | जन्मतिथि/ नियुक्तितिथि | पदनाम एवं पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री अजय कुमार झा | 10 | 05.02.60<br>04.09.84 | उप निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना |
| 2 | श्री कमलेन्द्र नारायण सिन्हा | 11 | 20.12.56<br>26.05.80 | गव्य अर्थशास्त्री, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना |

2. प्रोन्नत पदाधिकारी अगले आदेश तक अपने वर्त्तमान पदस्थापन पर बने रहेंगे।

3. यह औपबंधिक प्रोन्नति माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन एस0 एल0 पी0 (सी0) संख्या— 29770/2015, बिहार सरकार बनाम सुशील कुमार सिंह एवं अन्य में पारित आदेश के फलाफल से प्रभावित होगी।

बिहार—राज्यपाल के आदेश से,

ब्रजेश्वर पाण्डेय, अवर सचिव।

---

27 अक्टूबर 2016

सं० 1/ स्था0 (6) 605/2015—3246—वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0 7566 वि0, दिनांक 14.07.2010 के संदर्भ में बिहार मत्स्य सेवा के श्री देवेन्द्र नायक (विभागीय पत्रांक 812, दिनांक 04.05.2010 द्वारा बिहार मत्स्य सेवा के अंतिम वरीयता कोटि क्रमांक सूची क्रमांक 6 पर श्री नायक का नाम अंकित है) तदेन जिला मत्स्य पदाधिकारी, कटिहार सम्प्रति उप मत्स्य निदेशक, मुजफ्फरपुर (अपने वेतनमान में) को द्वितीय रूपांतरित सुनिश्चित वित्तीय उन्नयन का लाभ हेतु दिनांक 20.03.2012 को संपन्न विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा मुहरबंद लिफाफा में रखी गयी थीं।

2. विभागीय आदेश सं0 235 दिनांक 26.07.2012 के द्वारा श्री नायक को वर्ष 2007 के लिए निदंन की सजा तथा एक वेतनवृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोके जाने की शास्ति प्रदान की गयी।

तत्पश्चात् दिनांक 04.08.2016 को संपन्न विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में समिति द्वारा अनुशंसा के उपरांत समक्ष प्राधिकार से अनुमोदनोपरांत श्री नायक को दिनांक 01.07.2014 के प्रभाव से द्वितीय रूपांतरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन का लाभ पुनरीक्षित वेतन संरचना पी0बी0–2, ग्रेड पे0 रू0 5400/– में स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. श्री नायक के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या प्रार्थक्य पाये जाने पर श्री नायक को प्रदत्त वित्तीय लाभ संबंधित आदेश को रद्द/संशोधित कर दिया जाएगा तथा उन्हें भुगतान की गयी राशि की वसूली /प्रतिपूर्त्ति कर ली जायेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
ब्रजेश्वर पाण्डेय, अवर सचिव।

———

27 अक्टूबर 2016

सं० 1/ स्था0 (6) 605/2015/3261— सामान्य प्रशासन विभागीय पत्रांक 4800 दिनांक 01.04.2016 के आलोक में बिहार मत्स्य सेवा संवर्ग, वर्ग–2 के निम्नांकित जिला मत्स्य पदाधिकारी/समकक्ष कोटि के पदाधिकारियों जो अपने ही वेतनमान में विभिन्न पदों पर पदस्थापित हैं, को उप मत्स्य, निदेशक/समकक्ष कोटि के पद एवं वेतनमान पी0 बी0–3, ग्रेड पे0 5400/– के रिक्त पद पर औपबंधिक प्रोन्नति प्रदान की जाती है :–

| क्र0 | पदाधिकारी का नाम/ | वरीयता क्रमांक | जन्मतिथि/ नियुक्तितिथि | वर्त्तमान पदस्थापन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री सुनील कुमार | 3 | 05.01.57<br>24.03.86 | उप मत्स्य निदेशक, सांख्यिकी एवं विपणन मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना |
| 2 | श्री दिलीप कुमार सिंह | 4 | 05.01.70<br>13.12.94 | उप मत्स्य निदेशक, भागलपुर परिक्षेत्र, भागलपुर |
| 3 | श्री गौरी शंकर | 5 | 02.11.69<br>13.12.94 | जिला मत्स्य पदाधिकारी, रोहतास |
| 4 | श्री देवेन्द्र नायक | 6 | 15.01.70<br>13.12.94 | उप मत्स्य निदेशक, तिरहुत परिक्षेत्र, मुजफ्फरपुर |
| 5 | श्री सुबोध कुमार | 7 | 26.01.66<br>13.12.94 | उप मत्स्य निदेशक (मु0), मत्सय निदेशालय, बिहार, पटना |
| 6 | श्री सुमन कुमार | 8 | 04.01.67<br>13.12.94 | उप मत्स्य निदेशक, राज्य परियोजना इकाई मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना |

2. प्रोन्नत पदाधिकारी अगले आदेश तक अपने वर्त्तमान पदस्थापन पर बने रहेंगे।

3. यह औपबंधिक प्रोन्नति माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन एस0 एल0 पी0 (सी0) संख्या– 29770/2015, बिहार सरकार बनाम सुशील कुमार सिंह एवं अन्य में पारित आदेश के फलाफल से प्रभावित होगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
ब्रजेश्वर पाण्डेय, अवर सचिव।

निर्वाचन विभाग

अधिसूचना

11 नवम्बर 2016

सं0 ई2–2–9/2002– 4187—बिहार सेवा संहिता के नियम 227, 230 एवं 248 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत श्री जितेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, बाँका को उनकी अस्वस्थता के कारण दिनांक 24.05.2011 से 09.06.2011 तक कुल 17 दिनों का उपार्जित अवकाश एवं दिनांक 08.01.2016 से 12.03.2016 तक कुल 65 दिनों का उपार्जित अवकाश तथा दिनांक 13.03.2016 को रविवारीय अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सोहन कुमार ठाकुर,
संयुक्त सचिव–सह–संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट, 36—571+10-डी0टी0पी0।**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**

# भाग-2

## बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।

**सहकारिता विभाग**

**अधिसूचना**

9 नवम्बर 2016

सं० 07 / नि० / (विधि–12)विविध–45 / 2016–9331—बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 की धारा–6 की उप–धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तिओं का प्रयोग करते हुए बिहार राज्य सरकार एद्द्वारा, सी०डब्ल्यू०जे०सी० संख्या–2914 / 2003 तारडीह प्रखंड मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में दिनांक 06०12०2007 को पारित आदेश के अनुपालन में, बिहार सरकार सहकारिता विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या–45 दिनांक 03०01०1998 की कंडिका (2) को तुरंत के प्रभाव से विलोपित करती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
**नरेश पासवान**, अपर सचिव।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट, 36—571+10-डी0टी0पी0।**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**

# भाग-9(ख)

## निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय, सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।

सूचना

No. 1335—I, PARIMAL KUMAR S/0 Sri Jagdish Narayan Yadav R/o 307, Hope Ananda, Anandpuri Nr. Himgiri Appt., Boring Canal Road, Patna-1 declare vide Affiadavit no. 17710 Dated 13.10.2016 that now onwards my son Priyanshu will be knows as Priyanshu Parimal for all future purposes.

PARIMAL KUMAR.

सं० 1335—मैं, परिमल कुमार, पुत्र–जगदीश नारायण यादव, निवासी 307, होप आनन्दा, आनन्दपुरी, हिमगिरी अपार्टमेंट के नजदीक, बोरिंग केनाल रोड, पटना–1, शपथ पत्र सं० 17710, दिनांक 13.10.2016 के अनुसार घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र प्रियांशु अब प्रियांशु परिमल के नाम से जाना जाएगा।

परिमल कुमार।

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट, 36—571+10-डी0टी0पी0।**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**

# बिहार गजट

# का

# पूरक(अ0)

# प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

सं० कारा/नि0को0(क)–25/2012–6821

**कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय**

**गृह विभाग (कारा)**

**संकल्प**

**9 नवम्बर 2016**

श्री मनोज कुमार चौधरी, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, मधेपुरा (सम्प्रति अधीक्षक, उपकारा, वीरपुर) के विरूद्ध उनके मंडल कारा, मधेपुरा में पदस्थापन अवधि में वर्ष 1999–2000 में योजना मद से राशि गबन, पदीय कर्त्तव्य निर्वहन में विफलता एवं अन्य कतिपय प्रतिवेदित आरोपों के लिए गठित आरोप–पत्र प्रपत्र 'क' के आलोक में विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2777 दिनांक 25.06.2016 द्वारा विभागीय कार्यवाही संस्थित की गयी।

2. आयुक्त कार्यालय, कोशी प्रमण्डल, सहरसा के पत्रांक 44 दिनांक 08.02.2014 से प्राप्त संयुक्त आयुक्त, विभागीय जाँच–सह–संचालन पदाधिकारी, कोशी प्रमण्डल, सहरसा द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में श्री चौधरी के विरूद्ध गठित आरोपों को प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। उक्त प्रमाणित आरोपों के लिए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली–2005 के नियम 18 (3) के प्रावधानों के तहत् विभागीय ज्ञापांक 2911 दिनांक 03.06.2014 द्वारा संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन की प्रति उपलब्ध कराते हुए श्री चौधरी से उपर्युक्त प्रमाणित आरोपों के लिए द्वितीय कारण पृच्छा की गयी। श्री चौधरी ने अपने पत्रांक 1072 दिनांक 29.07.2014 के द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा का जबाव समर्पित किया।

3. आरोप पत्र, संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन एवं श्री चौधरी द्वारा समर्पित द्वितीय कारण पृच्छा जबाव की अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी समीक्षा में पाया गया कि दशम् वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में कारा आधुनिकीकरण के लिए प्रशासनिक प्राधिकार द्वारा मंडल कारा, मधेपुरा के लिए स्वीकृत 9,00,000/– (नौ लाख रूपये) के आवंटन राशि से स्वीकृत योजनाओं का कार्य नहीं कराया गया, दूसरी योजनाओं के लिए खर्च दिखाया गया एवं खर्च दिखाते हुए भी कार्य नहीं किया गया तथा तकनीकी स्वीकृति से अधिक राशि का व्यय दिखाया गया और सरकारी राशि का गबन किया गया। साथ ही आरोपित पदाधिकारी 4,41,951/– (चार लाख इकतालीस हजार नौ सौ इकावन रूपये) खर्च दिखाकर राशि गबन करने के षड्यंत्र में संलिप्तता के लिए दोषी है। सभी कार्य कराने की जबावेदही काराधीक्षक की थी, किन्तु श्री चौधरी द्वारा इस मामले में शून्य प्रशासनिक नियंत्रण रखा गया। इससे आरोपित पदाधिकारी की लापरवाही, कर्त्तव्योपेक्षा एवं राशि के गबन में उनकी संलिप्तता पायी गई है। आरोपित पदाधिकरी वित्तीय अनियिमतता, लापरवाही, कर्त्तव्यहीनता एवं प्रशासनिक विफलता के दोषी है।

4. वर्णित तथ्यों के आधार पर श्री चौधरी के द्वितीय कारण पृच्छा जवाब को अस्वीकृत करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 के प्रावधानों के तहत् निम्नांकित दंड अधिरोपित करने का विनिश्चय अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा किया गया :–

(i) निन्दन।

(ii) देय वेतन से 03 (तीन) वेतनवृद्धि घटा कर वेतन की अवनति का दण्ड, जिसका प्रतिकूल प्रभाव सेवान्त लाभ पर भी पड़ेगा।

**5. उपर्युक्त विनिश्चय दंड के संदर्भ में विभागीय पत्रांक 5148 दिनांक 23.08.2016 के द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना से परामर्श की माँग की गयी। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक 2144 दिनांक 19.10.2016 द्वारा संसूचित किया गया है कि प्रस्तावित दण्ड '' निन्दन '' वृहत् दण्ड की श्रेणी में नहीं आता है,**

**फलतः इस पर विभागीय स्तर पर ही निर्णय लिया जाना अपेक्षित है। आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त '' देय वेतन से 03 (तीन) वेतनवृद्धि घटा कर वेतन की अवनति का दण्ड, जिसका प्रतिकूल प्रभाव सेवान्त लाभ पर भी पड़ेगा '' संबंधी विभागीय दण्ड प्रस्ताव पर सहमति संसूचित की गयी है।**

6. प्रस्तावित दंड पर बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त सहमति के आलोक में श्री मनोज कुमार चौधरी, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन अधीक्षक, मंडल कारा, मधेपुरा (सम्प्रति अधीक्षक, उपकारा, वीरपुर) को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14 (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् निम्नांकित दंड अधिरोपित किया जाता है :–

(i) **निन्दन।**

(ii) **देय वेतन से 03 (तीन) वेतनवृद्धि घटा कर वेतन की अवनति का दण्ड, जिसका प्रतिकूल प्रभाव सेवान्त लाभ पर भी पड़ेगा।**

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित की जाय तथा इसकी प्रति सभी संबंधित को भेज दी जाय।**

**बिहार–राज्यपाल के आदेश से,**
**राजीव वर्मा, संयुक्त सचिव–सह–निदेशक (प्र0)।**

---

## वाणिज्य–कर विभाग

---

### अधिसूचनाएं

**17 नवम्बर 2016**

सं० कौन/भी–701/91 (पार्ट)–393/सी––श्री मोतीलाल विद्यार्थी (सेवानिवृत) तत्कालीन वाणिज्य–कर उपायुक्त, झरिया अंचल, झरिया से संबंधित है। संबंधित संचिका में श्री विद्यार्थी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन संबंधी कार्य किये जा रहे थे।

श्री विद्यार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी.डब्ल्यू.जे.सी. संख्या–2844/99 दायर किया गया था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय पटना का न्यायादेश प्राप्त था कि दिनांक 04.01.2016 से चार माह के भीतर कार्यवाही सम्पन्न कर ली जाय अन्यथा कार्यवाही स्वतः रद्द समझी जायगी।

उक्त मामले में श्री शंकर कुमार मिश्र, वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश तथा वाणिज्य–कर आयुक्त–सह–प्रधान सचिव द्वारा तुरंत कार्रवाई किये जाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत मामले का निष्पादन नहीं कर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया गया।

उक्त के आलोक में श्री मिश्र से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, प्राप्त स्पष्टीकरण की सम्यक् समीक्षोपरान्त असहमत होते हुए श्री मिश्र को अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं करने के लिए ''निन्दन'' का दण्ड संसूचित किया जाता है जो उनके चारित्री–वर्ष 2016–17 में दर्ज की जायेगी।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव।

---

**17 नवम्बर 2016**

सं० कौन/भी–701/91 (पार्ट)–394/सी––श्री मोतीलाल विद्यार्थी (सेवानिवृत) तत्कालीन वाणिज्य–कर उपायुक्त, झरिया अंचल, झरिया से संबंधित है। संबंधित संचिका में श्री विद्यार्थी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन संबंधी कार्य किये जा रहे थे।

श्री विद्यार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी.डब्ल्यू.जे.सी. संख्या–2844/99 दायर किया गया था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय पटना का न्यायादेश प्राप्त था कि दिनांक 04.01.2016 से चार माह के भीतर कार्यवाही सम्पन्न कर ली जाय अन्यथा कार्यवाही स्वतः रद्द समझी जायगी।

उक्त मामले में श्री जीवन अग्रवाल, तत्कालीन वाणिज्य–कर उपायुक्त द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश तथा वाणिज्य–कर आयुक्त–सह–प्रधान सचिव द्वारा तुरंत कार्रवाई किये जाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत मामले का निष्पादन नहीं कर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया गया।

उक्त के आलोक में श्री अग्रवाल से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, प्राप्त स्पष्टीकरण की सम्यक् समीक्षोपरान्त असहमत होते हुए श्री अग्रवाल को अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं करने के लिए ''निन्दन'' का दण्ड संसूचित किया जाता है जो उनके चारित्री–वर्ष 2016–17 में दर्ज की जायेगी।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव।

**17 नवम्बर 2016**

सं० कौन/भी–701/91 (पार्ट)–395/सी— श्री मोतीलाल विद्यार्थी (सेवानिवृत) तत्कालीन वाणिज्य–कर उपायुक्त, झरिया अंचल, झरिया से संबंधित है। संबंधित संचिका में श्री विद्यार्थी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन संबंधी कार्य किये जा रहे थे।

, श्री विद्यार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी.डब्ल्यू.जे.सी. संख्या–2844/99 दायर किया गया था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय पटना का न्यायादेश प्राप्त था कि दिनांक 04.01.2016 से चार माह के भीतर कार्यवाही सम्पन्न कर ली जाय अन्यथा कार्यवाही स्वतः रद्द समझी जायगी।

उक्त मामले में श्री विजय कुमार तिवारी, प्रशाखा पदाधिकारी, वाणिज्य–कर विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश तथा वाणिज्य–कर आयुक्त–सह–प्रधान सचिव द्वारा तुरंत कार्रवाई किये जाने के स्पष्ट आदेश के बावजूद निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत मामले का निष्पादन नहीं कर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया गया।

उक्त के आलोक में श्री तिवारी से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, प्राप्त स्पष्टीकरण की सम्यक् समीक्षोपरान्त असहमत होते हुए श्री तिवारी को अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं करने के लिए ''निन्दन'' का दण्ड संसूचित किया जाता है जो उनके सेवा–पुस्त 2016–17 में दर्ज की जायेगी।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, उप–सचिव।

---

## मत्स्य निदेशालय
## आफिसर्स हॉस्टल, ब्लॉक–ए, बेली रोड, बिहार, पटना

---

### कार्यालय आदेश
### 24 अक्टूबर 2016

सं० म0/ गो0शि0अरा0–02/2015–1388–मत्स्य—दिनांक 14.07.2005 को स्टार–न्यूज टी0वी0 चैनल के सनसनी कार्यक्रम में एक विडियो क्लिपिंग प्रसारित किया गया, जिसमें श्री अमरेन्द्र कुमार, तत्कालीन मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक, गया को जलकरों की बंदोबस्ती करवाने हेतु रिश्वत के रूप में नोटों की एक गड्डी (रूपया) लेते हुए तथा श्री नंदेलाल महथा, तत्कालीन जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा अपनी पैंट की जेब में रखते हुए, तत्पश्चात् किसी संचिका पर हस्ताक्षर करते हुए दिखलाया गया था। उक्त आरोपों के लिए मत्स्य निदेशालय, पटना के आदेश संख्या–1942 दिनांक 31.10.2005 के द्वारा श्री कुमार को निलंबित किया गया। उक्त के आलोक में तत्कालीन उपमत्स्य निदेशक, मुख्यालय एवं तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक, सांख्यिकी के द्वारा जिला पदाधिकारी, गया से प्राप्त सी0डी0 के अवलोकनोपरांत यह प्रतिवेदित किया गया कि श्री कुमार किसी पट्टेदार से राशि प्राप्त कर तत्कालीन जिला मत्स्य पदाधिकारी (श्री नंदेलाल महथा) के द्वारा अपने पैंट के पॉकेट के अन्दर रखते हुए दिखलाया गया है। प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाए जाने के कारण श्री कुमार के विरूद्ध पत्रांक 2198 दिनांक 15.12.2005 के द्वारा आरोप गठित कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिसमें तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक, श्री मनोज कुमार को जाँच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जाँच पदाधिकारी श्री मनोज कुमार, तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि विडियो क्लिपिंग में पट्टेदार एवं श्री कुमार के मध्य आपस में पैसे का लेन–देन दिखलाया गया है। कालांतर में जाँच के क्रम में कई जाँच पदाधिकारी बदले गए जिसमें तत्कालीन उप–सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना श्री विनाद झा के द्वारा विस्तृत जाँच प्रतिवेदन प्रतिवेदित किया गया। जाँच पदाधिकारी के द्वारा भी श्री अमरेन्द्र कुमार को पैसा लेते हुए दिखाए जाने का उल्लेख किया गया, इसी बीच श्री अमरेन्द्र कुमार का निलंबन आदेश वापस लेकर पदस्थापित किया गया और विभागीय कार्यवाही संचालित होती रही जिसमें तत्कालीन विशेष सचिव, श्री देवेन्द्र प्रसाद के द्वारा यह अंकित किया गया कि सी0डी0 ब्लैंक है। फलस्वरूप साक्ष्य के अभाव में इन्हें आरोप मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

2. उक्त जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा निदेशालय द्वारा की गयी और पाया गया कि जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा दिनांक 22.07.2005 को उक्त घटना से संबंधित सी0डी0, श्री निशात अहमद, तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक (मु0), बिहार, पटना तथा श्री मनोज कुमार, तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक, सां0 एवं वि0 को संयुक्त रूप से उपलब्ध कराया गया था, जिसे कंम्प्यूटर स्क्रीन पर देखने के पश्चात् श्री निशात अहमद, तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक (मु0), एवं श्री मनोज कुमार, तत्कालीन उप मत्स्य निदेशक, सां0 एवं वि0 के द्वारा आरोपों को प्रथम दृष्टया प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया था।

3. उक्त आलोक में निदेशालय का यह भी मानना था कि विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी द्वारा सी0डी0, ब्लैंक पाए जाने की स्थिति में मत्स्य निदेशालय के कंम्प्यूटर में लोड सामग्री के आधार पर आरोपों के संबंध में निर्णय लिया जा सकता था। उक्त आलोक में ही निदेशालय द्वारा संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से असहमति व्यक्त करते हुए निदेशालय पत्रांक–327 दिनांक 27.02.2015 के द्वारा श्री कुमार से द्वितीय लिखित अभिकथन की मांग की गयी।

4. श्री कुमार द्वारा समर्पित द्वितीय लिखित अभिकथन दिनांक 04.03.2015 की समीक्षा अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा की गयी तथा पाया गया कि श्री कुमार द्वारा कोई नया तथ्य अथवा साक्ष्य अपने बचाव में प्रस्तुत नहीं किया गया, अतएव श्री कुमार द्वारा समर्पित द्वितीय लिखित अभिकथन को स्वीकार्य योग्य नहीं पाया गया एवं इनके द्वारा जलकरों की

बंदोबस्ती हेतु लिए गए रिश्वत को भ्रष्टाचार का गंभीर कृत्य प्रमाणित मानते हुए मत्स्य निदेशालय, पटना के कार्यालय आदेशांक 492 दिनांक 31.03.2015 द्वारा इन्हें सरकारी सेवा से बर्खास्त किया गया।

5. उक्त आदेश के विरूद्ध श्री कुमार के द्वारा सचिव –सह– अपीलीय प्राधिकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के समक्ष पुनर्विचार वाद दायर किया गया। अपीलीय प्राधिकार के द्वारा विविध जाँच पदाधिकारियों के जाँच प्रतिवेदन एवं विभागीय मंतव्य के समीक्षोपरांत पारित आदेश जो विभागीय ज्ञापांक 60 स0को0 दिनांक 26.09.2016 द्वारा मत्स्य निदेशालय को प्राप्त है।

6. सचिव –सह– अपीलीय प्राधिकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के द्वारा पुनर्विचार वाद सं0– 01/2016 में पारित आदेश में मत्स्य निदेशालय, पटना के पत्रांक 492 दिनांक 31.03.2015 को निरस्त किए जाने के कारण श्री अमरेन्द्र कुमार, तत्कालीन मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक की दो वेतन वृद्धियाँ संचयात्मक प्रभाव से रोकते हुए इन्हें अगले आदेश तक के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, औरंगाबाद के अधीन पदस्थापित किया जाता है।

7. पदस्थापन के प्रस्ताव में सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, निदेशक, मत्स्य।

---

## ग्रामीण कार्य विभाग

---

### अधिसूचनाएं
### 18 अक्टूबर 2016

स0 3/अ0प्र0–1–10/2014–3185––श्री नवल किशोर चौधरी, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय, सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध पथ प्रमंडल बेगूसराय अन्तर्गत पदस्थापन अवधि में अलकतरा के भंडारण में अनियमितता बरतने, विधिवत् लेखा संधारित नहीं करने, अर्द्धवार्षिक एवं मासिक लेखा प्रस्तुत नहीं करने के कारण रू० 1,90,77,884/– (एक करोड़ नब्बे लाख सतहत्तर हजार आठ सौ चौरासी) की वित्तीय अनियमितता बरतने तथा लगभग रू० 6,02,811/–(छः लाख दो हजार आठ सौ ग्यारह) मूल्य के अलकतरा का गबन करने और सरकार को वित्तीय क्षति पहुँचाने के गम्भीर आरोप में पथ निर्माण विभाग द्वारा आरोप पत्र प्रपत्र 'क' गठित कर संकल्प ज्ञापांक 11812(एस) दिनांक 05.11.2012 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया, जिसके निमित्त अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा (पदनाम से) को संचालन पदाधिकारी एवं सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय (पदनाम से) को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित किया गया।

2. अभियंताओं के संवर्ग विभाजन के फलस्वरूप श्री चौधरी के विरूद्ध आरोप से संबंधित संचिका बिना विभागीय कार्यवाही पूर्ण किये पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 8710(एस) दिनांक 13.11.2013 द्वारा अग्रेतर कार्रवाई हेतु ग्रामीण कार्य विभाग को हस्तांतरित की गयी।

3. ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा श्री नवल किशोर चौधरी के विरूद्ध नये सिरे से संकल्प ज्ञापांक 1534 दिनांक 27.05.2014 द्वारा विभागीय कार्यवाही संस्थित की गयी, जिसके निमित्त श्री धर्मदेव चौधरी, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग को संचालन पदाधिकारी एवं श्री रविन्द्र रजक, प्रशाखा पदाधिकारी–3, ग्रामीण कार्य विभाग को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित किया गया।

4. विभागीय अधिसूचना सं० 180–सह–पठित ज्ञापांक 181 दिनांक 13.01.2015 द्वारा श्री चौधरी के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया।

5. कालान्तर में श्री धर्मदेव चौधरी, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के सेवानिवृत होने के कारण अधिसूचना सं० 1730 अनु० –सह–पठित ज्ञापांक 1731 दिनांक 21.05.2015 द्वारा श्री नवल किशोर चौधरी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु श्री कमलेश चौधरी, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग को संचालन पदाधिकारी नामित किया गया।

6. संचालन पदाधिकारी के पत्रांक 72 दिनांक 21.09.2015 द्वारा जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में श्री चौधरी के विरूद्ध गठित सभी सात आरोप प्रमाणित पाये गये। संचालन पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन से सहमति व्यक्त करते हुए श्री चौधरी से विभागीय पत्रांक 4069 अनु0 दिनांक 02.12.2015 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी।

7. श्री चौधरी के पत्रांक शून्य दिनांक 15.12.2015 द्वारा समर्पित द्वितीय बचाव बयान में श्री चौधरी द्वारा उन्हीं दलीलों को दुहराया गया, जो उन्होंने विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी के समक्ष कही थी। इस प्रकार श्री चौधरी द्वारा समर्पित द्वितीय बचाव बयान में कोई नया तथ्य नहीं पाया गया। समीक्षोपरान्त द्वितीय बचाव बयान को अस्वीकृत करते हुए श्री चौधरी के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के लिये बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम 43 के तहत उनके पेंशन को शून्य पर निर्धारित करने के दण्ड प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया गया।

8. उक्त अनुमोदित दंड प्रस्ताव पर विभागीय पत्रांक 1552 अनु0 दिनांक 05.05.2016 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग से सहमति/परामर्श की मांग की गयी।

9. बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 1871/लो0से0आ0 दिनांक 21.09.2016 द्वारा दंड प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी।

10. अतएव उक्त आलोक में श्री नवल किशोर चौधरी, तत्कालीन सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेगूसराय, सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के लिए बिहार पेंशन नियमावली, 1950 के नियम 43 (क) के तहत निम्नांकित दंड संसूचित किया जाता हैः–

**(i) पेंशन का शून्य पर निर्धारण।**

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नरेन्द्र कुमार झा, अपर सचिव।

---

**19 अक्टूबर 2016**

सं0 2 अ0प्र0–2–115/2014–3201—श्री मिथिलेश कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, सासाराम सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत रोहतास जिला में बारहमासी सड़क सुविधा प्रदान करने हेतु वित्तीय वर्ष 2006–07 के लिए लक्षित राशि 31.41 करोड़ रूपये से काफी कम राशि 18.36 करोड़ रूपये का डी०पी०आर० विलंब से समर्पित करने तथा 10.47 करोड़ रूपये कर्णांकित राशि के विरूद्ध मात्र 4.18 लाख रूपये का व्यय किये जाने के आलोक में निर्धारित वितीय लक्ष्य को प्राप्त नहीं करने तथा विकास योजनाओं के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के आरोप में विभागीय पत्रांक 4168 अनु० दिनांक 02.06.2008 द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को आरोप पत्र प्रपत्र 'क' गठित कर विभागीय कार्यवाही संचालन हेतु आवश्यक अभिलेख प्रेषित किया गया।

2. पथ निर्माण विभाग द्वारा श्री कुमार से उनके विरूद्ध गठित आरोप पत्र प्रपत्र 'क' के आलोक में पत्रांक 10706 (एस) दिनांक 11.08.2008 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त उसे अस्वीकार योग्य पाते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–17 के तहत संकल्प–सह–पठित ज्ञापांक 13747 (एस) दिनांक 24.10.2008 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय जाँच आयुक्त के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी, जिसमें श्री कुमार राकेश, सहायक अभियंता, मुख्यालय निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित किया गया।

3. विभागीय जाँच आयुक्त के पत्रांक 667 दिनांक 22.08.2012 द्वारा जाँच प्रतिवेदन पथ निर्माण विभाग को समर्पित किया गया। जॉच प्रतिवेदन में आरोपित पदाधिकारी के विरूद्ध उपर्युक्त प्रतिवेदित आरोपों के संदर्भ में निष्कर्षतः विलंब से तथा निर्धारित लक्ष्य से कम राशि का डी0पी0आर0 तैयार किये जाने एवं कर्णांकित राशि से काफी कम राशि का व्यय होना प्रमाणित माना गया, परन्तु यह विलंब या कम व्यय उनकी लापरवाही या उदासीनता का कारण हुआ है, इसे प्रमाणित नहीं होने तथा संसाधनों की कमी एवं आवंटन के अभाव के कारण ही यह विलंब एवं कम व्यय होने का मंतव्य दिया गया।

4. पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 3692 (एस) दिनांक 09.05.2013 द्वारा विभागीय जॉच आयुक्त से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त श्री कुमार से द्वितीय कारण पृच्छा की गयी। श्री कुमार के पत्रांक 683 दिनांक 17.05.2013 द्वारा द्वितीय बचाव बयान समर्पित किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि आवंटन अनुपलब्ध रहने के कारण सहायक अभियंताओं द्वारा डी0पी0आर0 तैयार कर समर्पित करने में विलंब हुआ है, किन्तु आवंटन उपलब्ध कराने वाले पदाधिकारी, सर्वेक्षण करने हेतु कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता तथा उन्हें विभागीय निदेश के बावजूद अन्यत्र प्रतिनियुक्त करने एवं अन्य काम लेने तथा उन्हें मुक्त नहीं करने वाले पदाधिकारी को छोड़कर कार्यपालक अभियंता पर आरोप लगाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। उन्होंने प्रमंडल में स्वीकृत पद के विरूद्ध पदस्थापित सहायक एवं कनीय अभियंता की घोर कमी, उपलब्ध अभियंताओं को जिला पदाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के पर्यवेक्षण एवं प्राक्कलन तैयार करने के लिये प्रतिनियुक्त किये जाने के कारण डी0पी0आर0 तैयार करने में विलंब होने का उल्लेख किया गया।

5. अभियंताओं के कैडर विभाजन के पश्चात श्री मिथिलेश कुमार का संवर्ग ग्रामीण कार्य विभाग होने के कारण मामले में अग्रेतर कार्रवाई हेतु संबंधित संचिका इस विभाग को हस्तान्तरित की गयी। श्री मिथिलेश कुमार के दिनांक 30.11.2014 को सेवानिवृत होने के कारण उनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही को संकल्प सं०– 3086 दिनांक 24.08.2015 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(बी) के तहत सम्परिवर्तित किया गया।

6. श्री कुमार से प्राप्त द्वितीय बचाव बयान की तकनीकी समीक्षा अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना से करायी गयी। समीक्षा में विलंब से तथा निर्धारित लक्ष्य से कम राशि का डी०पी०आर० तैयार करने एवं कर्णांकित राशि से काफी कम राशि का व्यय होने के लिए श्री मिथिलेश कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता को दोषी माना गया।

7. श्री मिथिलेश कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, सासाराम सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में प्राप्त द्वितीय बचाव बयान एवं उस पर अधीक्षण अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त मंतव्य के आलोक में बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(क) के तहत पेंशन से पाँच वर्षों तक 10 प्रतिशत मासिक कटौती की शास्ति अधिरोपित करने के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया गया ।

8. विभागीय पत्रांक 779 अनु0 दिनांक 26.02.2016 द्वारा श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय दंड प्रस्ताव पर सहमति/परामर्श हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को पत्र प्रेषित किया गया, जिसके आलोक में बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक 549/लो0से0आ0 दिनांक 20.05.2016 द्वारा दंड प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी।

9. उक्त आलोक में श्री मिथिलेश कुमार, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, सासाराम सम्प्रति सेवानिवृत को बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43(क) में निहित प्रावधान के तहत निम्न दण्ड संसूचित किया जाता हैः–

(i) **पेंशन से पाँच वर्षो तक 10 प्रतिशत की मासिक कटौती**।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
नरेन्द्र कुमार झा, अपर सचिव।

---

**अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,**
**बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।**
**बिहार गजट, 36—571+50-डी0टी0पी0।**
**Website: http://egazette.bih.nic.in**